DoIT
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांकः–एफ.2(390)/डी.ओ.आई.टी./जनरल/2020/02958/2021 जयपुर,दिनांकः– 24/08/2021

**अनापत्ति प्रमाण पत्र**

राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय लिपिक वर्गीय सेवा के विभिन्न सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के अधीनस्थ कार्यालय में कार्यरत/पदस्थापित कनिष्ठ सहायकों को निम्नलिखित अग्रिम अध्ययन परीक्षाओं में पत्राचार/दूरस्थ माध्यम से सम्मिलित होने की स्थिति में इस विभाग को कोई आपत्ति नहीं है :–

| क्र. स. | मेरिट न. | नाम | पदस्थापित विभाग | कोर्स का नाम | विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 424 | श्री महेन्द्र सिंह इन्दा | जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जोधपुर । | MSc. (Computer Science) lateral Entry | VMOU Kota |
| 2 | 5492 | श्री दिनेश चौधरी | जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, भीलवाडा। | MSc. 2nd Year | University of Rajasthan, Jaipur |
| 3 | 12126 | श्री लोकेश मीना | जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, बारां । | M.A ( English Literature) | VMOU Kota |

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति उक्त कार्मिकों को राजस्थान सिविल सेवाऐं (आचरण) नियम, 1971 के नियम–17 की निम्नलिखित शर्तो के अध्यधीन प्रदान की जाती हैः–

1. शिक्षण संस्थान में अध्ययन का समय यदि कार्यालय समय के समान ही हो तो अध्ययन स्वीकृति स्वतः ही समाप्त मानी जाएगी।
2. राजसेवक का पदस्थापन अध्ययन स्वीकृति संस्थान के मुख्यालय से परिवर्तन/स्थानान्तरित हो जाता है तो अध्ययन स्वीकृति स्वतः ही समाप्त हो जायेगी।
3. विभाग की पूर्वानुमति प्राप्त किये बगैर अध्ययन चालू रखने एवं परीक्षा में सम्मिलित होने वाले कर्मचारियों के विरूद्व नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
4. जिन कर्मचारियों को इस वर्ष उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु अथवा अध्ययन जारी रखने एवं परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी उन्हे परीक्षा दिवसों के अतिरिक्त अन्य कोई अवकाश स्वीकृत नही किया जायेगा।
5. अध्ययन स्वीकृति दिये जाने से अधिकारी/कर्मचारी को किसी स्थान विशेष पर पदस्थापन निरन्तर रखने का अधिकारी नहीं मिल पायेगा और उसका स्थानान्तरण किया जा सकता है।
6. अध्ययन से राजसेवक दैनिक राजकीय कार्य सम्पादन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करेगा, अन्यथा स्वीकृति समाप्त कर दी जाएगी।
7. अध्ययन वर्ष मे अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति का प्रतिशत कम होने के लिये सरकार/विभाग किसी प्रकार से जिम्मेदार नही होगा।
8. परीक्षा की तैयारी हेतु किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा।
9. प्रशासनिक कारणोवश अध्ययन स्वीकृति बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।
10. इस अनापत्ति प्रमाण पत्र से अभ्यर्थी द्वारा किए जा रहे अध्ययन के पाठ्यक्रम या विश्वविद्यालय की मान्यता या गैर–मान्यता के सम्बन्ध में इस विभाग की स्वीकृति नहीं मानी जायेगी।
11. उक्त शर्तो की अवहेलना करने या पाई जाने पर कार्मिक/कार्मिका के विरूद्व कार्मिक विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 9(5)(9)/कार्मिक/क–3/2001 दिनांक 16 मई 2002 के अनुसार वृहत शास्ति हेतु अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी।

Sd

**(विवेक कुमार)**
**विशेषाधिकारी (यू.आई.डी.)**
**एवं प्रभारी अधिकारी संस्थापन (अराज.)**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विभागाध्यक्ष.......................................................................................।
2. कार्मिक...........................................................................................।
3. संबंधित निजी पत्रावली/रक्षित पत्रावली।
4. प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट।

**प्रभारी अधिकारी संस्थापन (अराज.)**